**गुजरात के बनासकांठा जिले में गांवों में बिजली लगाना**

4818. **श्री मोती भाई आर० चोधरी :** क्या ऊर्जा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में बनासकांठा जिले के बाब तालुक के कितने गांवों में बिजली लगाई गई है और कितने गांवों में बिजली लगाई जानी है तथा इनमें बिजली कब तक लगा दी जायेगी;

(ख) क्या बाब तालुक के सभी गांवों में बिजली लगाने की कोई योजना केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत की गई थी और उस पर स्वाकृति कब तक दे दी जायेगी; और

(ग) क्या बनासकांठा जिला एक पिछड़ा हुआ जिला है और उसका बाब तालुक और भी ज्यादा पिछड़ा हुआ है और क्या उनके पिछड़ेपन को देखते हुए इस योजना को शीघ्र ही स्वीकृति प्रदान की जायेगी ?

**ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन्) :** (क) से (ग) गुजरात के बनासकांठा जिले के बाब तालुका में 121 आबाद गांव हैं अब तक तीन गांवों को विद्युतीकृत किया गया है। 118 गांवों को विद्युतीकरण किया जाना शेष है।

बाब एक पिछड़ा तालुका है। बाब तालुका में 107 गांवों के विद्युतीकरण हेतु वित्तीय सहायता की स्वीकृति के लिए गुजरात बिजली बोर्ड ने जनवरी, 1979 में एक स्कीम ग्राम विद्युतीकरण निगम को प्रस्तुत की थी। क्षेत्रीय मूल्यांकन के लिए यह स्कीम शीघ्र ही हाथ में ली जाएगी। इस स्कीम की जांच करने के बाद अगर इसे तकनीकी दृष्टि से व्यवहार्य और आर्थिक दृष्टि से जीवनक्षम पाया गया और अगर अपेक्षित निधि उपलब्ध हुई तो वित्तीय सहायता स्वीकृत करने के लिए इस पर विचार किया जाएगा।

**Request from Ministry of Health regarding Advertisement of "Thums Up"**

4819. SHRI BIRENDRA PRASAD: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state whether it is a fact that Ministry of Health and Family Welfare. requested Ministry of Information and Broadcasting to examine the advertisement of "Thums Up" as a "Refreshing Cola" vis-a-vis the code for commercial advertising; and what were the findings?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI L.K. ADVANI) : The Ministry of Health and Family Welfare wanted the Ministry of Information and Broaccasting to review the advertisement of "Thums Up" as a 'Refreshing Cola', with reference to the provisions of the Code for Commercial Advertising on A.I.R. and Doordarshan. The matter was reviewed accordingly and it was felt that the advertisement, as worded, was not in accordance with the code. On receipt of some representations in this regard, however, the matter is being re-examined.

**मध्य प्रदेश के रायसन विदिशा तथा सिहोर जिलों में ग्रामीण विद्युतीकरण**

4820. **श्री राघवजी :** क्या ऊर्जा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के रायसेन, विदिशा तथा सोहोर जिलों के बारे में ग्रामीण विद्युतीकरण को कौन-कौन सी योजनाएं 1977–78 और 1978–79 के दौरान ग्रामीण विद्युतीकरण निगम को प्राप्त हुई ;

(ख) प्रत्येक योजना के अन्तर्गत कितने गांवों का विद्युतीकरण किया जाएगा;

(ग) प्रत्येक योजना के सम्बन्ध में अब तक कितनी प्रगति हुई है; और

(घ) अब तक स्वीकार न की गई योजनाओं को स्वीकार न करने अथवा मंजूर करने में विलम्ब के क्या कारण हैं ?